an>

Title: Need to stop illegal mining activities in Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) ः कैराना लोकसभा क्षेत्र् के झिंझाना क्षेत्र् में खनन माफियाओं का बोलबाला है। वर्तमान में क्षेत्र् के गांव शीतलगढ़ी, बिडौली सादात, ख्वाजपुरा, मंगलौरा, चौतरा, मंसूरा व चौसाना के भडी में जे.सी.बी. से खनन हो रहा है। रेत से भरे वाहन रात भर शामली-करनाल हाईवे, ऊन-थानाभवन व गंगोह-चौसाना मार्ग से गुजरते हैं। अतिभारित होने के कारण गांव व क्षेत्र् के भी मार्ग भी पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुके हैं तथा रेत से भरे यह अतिभारित वाहन लोगों की जान ले रहे हैं। शीतलगढ़ी में पहले खनन का ठेका था, जिसकी समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद भी वहां पर खनन हो रहा है। अब माफिया स्टाक पड़ा होना बताकर रात्रि में जे.सी.बी. से खनन करते हैं। दिन में रायल्टी लेकर ट्रैक्टर-ट्राली निकालते हैं। इस दौरान एक दिन में रॅयल्टी की करीब 20 ट्राली निकलती है, लेकिन बाकी के छह खनन स्थानों से लगभग 300 ट्राली रेत की निकल रही है। इन ट्रालियों से कथित रूप से एक हज़ार से दो हज़ार रूपए तक वसूली की जाती है। गांव के लोगों ने कई बार आला अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यदि खनन पर अविलम्ब रोक न लगाई गई तो पौराणिक नदी यमुना का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जायेगा।

मैं सरकार से मांग करता हॅं कि इस दिशा में अविलम्ब कदम उठाये जायें ताकि अवैध खनन बंद हो।